## संक्षिप्त

### नेत्रहीन बालिकाओं की कुशलक्षेम पूछी

**अजमेर, (कासं)।** श्री दिगम्बर जैन महासमिति अजमेर द्वारा समिति के सक्रिय सदस्य प्रवीण पाटोदी के सहयोग से रविवार 22 मई को दोपहर 12.30 बजे शास्त्री नगर स्थित लाडलीघर की चौबीस नेत्रहीन बालिकाओं को मिष्ठान युक्त शुद्ध एवं सात्विक भोजन की सेवा देते हुए कुशलक्षेम पूछी गई। महामंत्री कमल गंगवाल ने बताया कि राष्ट्रीय संत कृष्णानंद महाराज के सानिध्य में दिव्यांग बालिकाओं को यह सेवा प्रवीण पाटोदी संग कल्पना पाटोदी की वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष में समिति के व्यवस्थापक मंत्री मनीष पाटनी के संयोजन में दी गई। अध्यक्ष अतुल पाटनी ने सेवा सहयोगी पाटोदी दंपती के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए बताया कि समिति द्वारा धार्मिक कार्यों के साथ साथ सामाजिक सरोकार के कार्य कर जरूरतमंदों को राहत पहुंचा रही है। महासमिति के प्रवक्ता संजय कुमार जैन ने बताया कि इस अवसर पर प्रवीण पाटोदी, कल्पना पाटोदी, मनीष पाटनी, रेणु पाटनी, कैलाश पाटोदी, दिव्या पाटोदी मौजूद रहे।

### जैव विविधता दिवस पर संगोष्ठी

**भीलवाडा, (निसं)।** मानव द्वारा किये जा रहे विवेकहीन विकास, प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन एवं प्रकृति से की जा रही छेडछाड ने मानव मात्र को संकट में डाल दिया है। कुमुद विहार में पीपल फॉर एनिमल संस्था द्वारा जैव विविधता दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने कहा कि मानव द्वारा पारिस्थितिकी तंत्र में हस्तक्षेप मनुष्य जीवन के लिए खतरा साबित हुआ है। हम सबको सरकार के भरोसे न रहकर स्वयं प्रत्येक व्यक्ति को पृथ्वी पर पाए जाने वाले पेड पौधों, पशु पक्षियों, झील जलाशयो, नदियों, गोचर भूमि, जंगल, झरनों व पहाडों के संरक्षण के लिये आगे आना चाहिए तथा जानलेवा डिस्पोजल व पॉलीथिन का उपयोग नहीं करना चाहिए तभी हमारा जीवन सुरक्षित रहेगा। जैव विविधता संरक्षण दिवस पर गोष्ठी में पीएफए के पदाधिकारी गुमान सिंह पीपाडा, मुकेश अजमेरा, विद्यासागर सुराणा, रामनिवास लड्डा व सुरेश सुराना ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

### योग शिविर का समापन

**अजमेर, (कासं)।** पारीक युवा कूब एवं आर्य वीर दल के संयुक्त तत्वाधान में ऋषि उद्यान में 17 मई से 22 मई तक प्रतिदिन सुबह 6 से 7 तक चलाया जा रहा योग शिविर का समापन किया गया। योगाचार्य विश्वास पारीक कमलेश पारीक द्वारा योग शिविर में आसन प्राणायाम सूर्य नमस्कार मुद्राओं आदि पर जानकारी शिविरार्थियों को दी गई। युवा कूब द्वारा योग के पश्चात प्रतिदिन अंकुरित अनाज करेला एलोवेरा चुकंदर लौकी का जूस दिया गया एवं समापन पर निशुल्क बूड बीपी शुगर व अन्य की जांचे की गई। किशन पारीक, नीरज पारीक, अमित पारीक, अरुण पारीक, ओम प्रकाश पारीक, नवरत्न पारीक, मुकेश पारीक, मीनू पारीक, अनुराधा पारीक, उर्मिला पारीक, श्वेता पारीक आदि ने भाग लिया अंत में सुशील पारीक ने योग शिविर सुचारू रूप से चलने पर एवं प्रतिदिन योग शिविर में आने पर सभी का आभार व्यक्त किया।

### परिंडे लगाने का संकल्प लिया

**पुष्कर, (निसं)।** रविवार को वार्ड नं. 22 आसींद के वार्डवासियों ने पार्षद अनिल सिंह तंवर एवं मीडिया कर्मी के सानिध्य में मुख बधीर पक्षियों के लिए दाना, पीने के पानी के परिंडे लगाए और रोजाना दाने पानी डालने का संकल्प लिया। पार्षद अनिल सिंह तंवर ने बताया कि अभियान को आगे भी जारी रखा जायेगा और विभिन्न स्थानों पर 101 पीने के परिंडे लगाये जायेंगे। इस मौके पर युवा मोर्चा महावीर साहू, महावीर लोहार, निखिल अरोड़ा, परमवीर सिंह, जगदीश गर्ग, साँवर लाल शर्मा, मनोज शर्मा, पारस साहू, नक्षत्रराज सिंह तंवर मौजूद रहे।

### विद्युत आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**ब्यावर,(निसं)।** उदयपुर रोड 11 केवी फीडर का आवश्यक मरम्मत कार्य होने के कारण सोमवार प्रात: 7 से 10.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। इसके कारण अमरीका बाडिया, कृषि मंडी, मधुकर नगर, शिव कॉलोनी, जवाहर नगर, महावीर कॉलोनी, रावत कॉलोनी, सुखसागर कॉलोनी, एफसी आई गोदाम, गुरुकुल नगर, गुरुकुल स्कूल के आस-पास के एरिया से सम्बधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। यह जानकारी अजमेर विद्युत वितरण निगम के सहायक अभियंता ने दी।

# अजमेर में रोडवेज बस व ट्रेलर में भीषण टक्कर, एक जने की मौत

- 20 यात्री घायल, 7 की हालत नाजुक
- हादसे के वक्त बस में करीब 30 यात्री सवार थे



घायल यात्रियों को किशनगढ़ के यज्ञ नारायण अस्पताल पहुंचाया। यहां उनका उपचार चल रहा है।

**अजमेर, (कासं)।** जिले के किशनगढ़ उपखंड क्षेत्र के नए रोडवेज बस स्टैंड के पास, वैष्णो देवी मंदिर के निकट रविवार दोपहर को रोडवेज बस और ट्रेलर की टक्कर से भीषण हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में पुलिया के नीचे जूस का ठेला चलाने वाले एक युवक की बस और ट्रेलर के बीच में दबने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद यात्री बस में ही फंस गए, जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों व पुलिस ने बमुश्किल बाहर निकाला।

घायल यात्रियों को किशनगढ़ के यज्ञ नारायण अस्पताल पहुंचाया। यहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे के वक्त बस में करीब 30 यात्री सवार थे। इसमें से 20 घायल हो गए, जबकि 7 की हालत गंभीर बताई जा रही।

जानकारी के अनुसार बस अजमेर से जयपुर की ओर जा रही थी, जो अंडरपास से निकल रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इससे बस पुलिया के नीचे दीवार से चिपक गई। मौके पर जूस का ठेला चलाने वाला युवक चपेट में आ गया, उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे में बस पूरी तरह कचनाचूर हो गई। पास ही बस स्टैंड होने के कारण भीड़ उमड पड़ी और बस में फंसे यात्रियों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। सूचना पर किशनगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और एम्बुलैंस की सहायता से करीब 20 घायलों को राजकीय यज्ञ नारायण अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। जबकि किशनगढ़ से बच्चों, महिलाओं सहित 10 को अजमेर के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय रैफर किया गया,जहां उनका उपचार चल रहा है। टक्कर के बाद रोड पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। मौके से पुलिस ने वाहनों को हटाया और यातायात सुचारू किया।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गंभीर रूप से घायल पाली निवासी गोपाल सिंह, नवल कवर, करौली निवासी लक्ष्मी मीणा, पुष्कर निवासी विरेंद्र सिंह, जयपुर निवासी जनक कवर, भूपेंद्र सिंह, पुष्कर निवासी यशु, मीना कवर, खानपुरा अजमेर निवासी आहान खान, अजमेर निवासी अमायरा, प्रहलाद सिंह का उपचार चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही अजमेर पुलिस प्रशासन सहित एडीएम सिटी भावना गर्ग समेत अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे ओर घायल की कुशलक्षेम पूछी।

# भीलवाड़ा ने पुरूष व अजमेर ने महिला वर्ग का खिताब जीता

- सम्राट पृथ्वीराज चौहान राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता



विजेता टीमों को पुरस्कार पृथ्वीराज चौहान जयंती समारोह के मुख्य कार्यक्रम में पृथ्वीराज स्मारक पर प्रदान किए जाएंगे

**अजमेर, (निसं)।** सम्राट पृथ्वीराज चौहान राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में रविवार को भीलवाडा ने हनुमानगढ को 2-1 से हराकर पुरुष वर्ग में तथा महिला वर्ग में मेजबान अजमेर ने अंतिम लीग मुकाबले में खेलो इंडिया चूरू को 3-1 से हराकर खिताब अपने नाम किए।

चंद्रवरदाई स्टेडियम में तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुष वर्ग में भीलवाडा ने हनुमानगढ को 2-1 से हराया। विजेता टीम की ओर से दोनों गोल मनीष पांडे ने तथा हनुमानगढ की ओर से एक मात्र गोल विकास ने किए। मैच के अंपायर देवेन्द्र झाला व सत्यनारायण सेन एवं तकनीकी सहायक कुलदीप सिंह व अंजना लमानिया थे। महिला वर्ग में मेजबान अजमेर में अपना विजयी अभियान तीसरे दिन भी जारी रखा। मेजबान टीम आज अनुभवी एवं राष्ट्रीय खिलाडियों से सुसज्जित खेलो इंडिया चूरु पर भारी पडी, जब 3-1 के अंतर से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। अजमेर की ओर से रीना बालावत, किरण मीणा व चेतना दास ने गोल बनाए जबकि खेलो इंडिया चूरू के लिए एक मात्र गोल उषा ने बनाया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि नगर निगम की महापौर ब्रजलता हाडा, विशिष्ट अतिथि डॉ प्रियशील हाडा (अध्यक्ष भाजपा शहर जिला अजमेर), उपमहापौर नीरज जैन, पूर्व उपमहापौर संपत सांखला, हेमलता खत्री (पार्षद), मोहन लाल लालवानी (मंडल अध्यक्ष, आर्य मंडल), राजस्थान राज्य धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के पूर्व सदस्य कंवल प्रकाश किशनानी, हॉकी अजमेर के सचिव देवेंद्र सिंह शेखावत, भारतीय खेल प्राधिकरण के पूर्व हॉकी कोच नंद कुमार शर्मा, मुकेश खीचीं ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी। विजेता टीमों को पुरस्कार पृथ्वीराज चौहान जयंती समारोह के मुख्य कार्यक्रम में 29 मई को पृथ्वीराज स्मारक पर प्रदान किए जाएंगे

## चल चिकित्सा वाहन एवं एंबुलेंस का लोकार्पण

**अजमेर, (कासं)।** सेवा भारती समिति अजमेर द्वारा राज्यसभा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा प्रदत चल चिकित्सा वाहन एवं एंबुलेंस का विधिवत लोकार्पण रविवार को मातृ मंदिर डिग्गी चौक पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता किशन टेवानी व निरंजन शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में सेवा भारती के प्रांत मंत्री मोहनलाल खंडेलवाल ने चल चिकित्सालय के बारे में बताया कि शहर की विभिन्न सेवा बस्तियों में नियमित रूप से उपरोक्त वाहन जाकर अपनी सेवाएं प्रदान करेगा। एनएमओ के डॉ राजेश खत्री ने बताया की इस चल चिकित्सा इकाई में एक डॉक्टर,नर्सिंग स्टाफ तथा स्वयंसेवी कार्यकर्ता साथ में रहेंगे तथा इसमें दवाइयां निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में प्रबुद्ध नागरिक, भामाशाह, सेवा भारती व विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचरण बंसल ने की। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप शर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन विकास पाराशर ने दिया।

## राशन डीलर को समय पर नहीं मिल रहा गेंहू

- उपभोक्ता राशन की दुकान पर बार बार चक्कर लगाकर खासा परेशान

**अजमेर, (कासं)।** रसद विभाग और खाद्य निगम द्वारा राशन डीलरों को सप्लाई किए जाने वाला गेंहू समय पर सप्लाई नहीं होने से राशन डीलरों सहित उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। नाराज उपभोक्ताओं द्वारा राशन डीलर गेंहू की मांग करते आए दिन तकरार होती रहती है। ऐसा ही एक मामला रविवार को सामने आया है।

राशन डीलर सतीश चंद आसोपिया का प्रशासन पर आरोप है कि उनकी राशन की दुकान नगर निगम के वार्ड नंबर 38 विज्ञान नगर में पोस मशीन 21820 पर संचालित है। आसोपिया ने बताया कि उन्हें मई माह में वितरण करने वाला 90 क्विंटल राशन का गेहूं अप्रैल माह में ही मिल जाना चाहिए था लेकिन उन्हें मात्र 32 क्विंटल गेंहू ही प्राप्त हुआ है, जबकि शेष (पीएमजी वाला) 58 क्विंटल गेंहू आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुआ है।

इसके चलते उपभोक्ता राशन की दुकान पर बार बार चक्कर लगाकर खासे परेशान हो रहे है। जिससे राशन डीलर और उपभोक्ताओं में कभी भी विवाद हो सकता है। आसोपिया ने बताया कि शेष गेंहू की सप्लाई के लिए रसद विभाग और खाद्य निगम अजमेर को भी सूचना दी गई है लेकिन अभी तक उन्हें कोटे के अनुरूप गेंहू की सप्लाई नहीं दी गई है।

इससे राशन डीलर उपभोक्ताओं को क्या जबवा दे, उन्हें राशन का गेहूं कब तक उपलब्ध हो पाएगा, विभाग कोई संतोष पूर्ण जवाब नहीं दे रहा है। उन्होंने बताया कि गेंहू सप्लायर ठेकेदार फर्म भास्कर इंड्रस्टीज अपनी निविदा शर्तों का स्पष्ट उलूंघन कर रही है, जिससे उपभोक्ताओं और राशन डीलरों में भारी रोष है।

## पेयजलापूर्ति नहीं होने से आक्रोश

**मसूदा (निसं)।** मसूदा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत देवमगरी सहित मोहनपुरा दौलतपुरा भीषण गर्मी को देखते हुए पीने के पानी के लिए ग्रामीण दर-दर भटकते रहे है। सरपंच पुसी देवी व रामदेव शिवराज आदि ने बताया कि पिछले बीस दिनों से बीसलपुर योजना से जलापूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों को पेयजल के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। ग्रमीणों का कहना है कि गांव को बिसलपुर पाइप लाइन योजना से जोड़ा गया है। क्षेत्र के सभी जलस्रोत सूखे हैं। गांव में पर्याप्त बारिश नहीं होने तथा हेड पंपों का भी जलस्तर कम होने से ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में पेयजल को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया देवमगरी, मोहनपुरा व दौलतपुरा की पानी की टँकियो तक बीसलपुर से जलापूर्ति नहीं होने की वजह से लोगों ने पेयजल सप्लाई पाइप लाइन से अवैध कनेक्शन कर रखे हैं। इस कारण पानी की सप्लाई टंकियों तक नहीं हो रही हैं। जलदाय विभाग जब तक अवैध कनेक्शन करने वालों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता है जबतक पेयजल समस्या बनी रहेगी।

## भाजपाइयों ने बिजली पानी की समस्या को लेकर आक्रोश जताया

**पुष्कर, (निसं)।** भाजपा मंडल पुष्कर की बैठक माली मंदिर में आयोजित की गई। सरकार की नाकामियों ओर बिजली पानी की जनता को आ रही समस्याओं को लेकर गहरी नाराजगी प्रगट की।

बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में पवन जैन जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात व विशिष्ट अतिथि नगर पालिका पुष्कर के अध्यक्ष कमल पाठक एवं नगर पालिका पुष्कर के उपाध्यक्ष शिव स्वरूप महर्षि थे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पुष्कर नारायण भाटी ने की। बैठक में पवन जैन ने बताया की राज्य सरकार की विफलताओं व बिजली पानी की समस्याओं एवं पुष्कर शहर की स्थानीय समस्याओं को लेकर मंडल स्तर पर जनाक्रोश आंदोलन कर स्थानीय स्तर पर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। अंत में मंडल अध्यक्ष पुष्कर नारायण भाटी ने सब का धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन मंडल के महामंत्री अरुण वैष्णव ने किया। कार्यक्रम में नगर पालिका पुष्कर के अध्यक्ष कमल पाठक, उपाध्यक्ष शिव स्वरूप महर्षि, मंडल अध्यक्ष पुष्कर नारायण भाटी, मंडल महामंत्री अरुण वैष्णव,रोहन बाकोलिया, संदीप पाराशर, मंडल उपाध्यक्ष अशोक पाराशर, कमल पाराशर(जैकी), मंडल मंत्री मदनमस्त पाराशर, धर्मप्रकाश रावल, अंशुमान पाराशर, मंडल के कोषाध्यक्ष व पार्षद कमल रामावत,समर्पण निधि के मण्डल संयोजक मुकेश जाखेटिया, युवा मोर्चा मण्डल पुष्कर के अध्यक्ष भुवनेश पाठक, महिला मोर्चा पुष्कर की मण्डल अध्यक्ष रेखा सरवाडिया, ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मनीष सोनी, अनुसूचित जाति मोर्चा मण्डल पुष्कर के अध्यक्ष हेमराज तेजी, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष घनश्याम भाटी, नगर पालिका पुष्कर के पार्षद व पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश कुमावत, पार्षद धर्मेन्द्र नागौरा, कैलाश श्रेष्ठी, महेंद्र सिंह खंगारोत, प्रवीण चौधरी, मोहित शर्मा, राघव पाराशर, यश पाराशर(बाबू), दामू पाराशर, वरुण पाराशर, लक्ष्मीकांत गौड़ व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एसडीएम, तहसीलदार के खाली पदों को भरने की मांग, सद्बुद्धि यज्ञ किया

- अनिश्चितकालीन धरने का छठा दिन, कई नेता और कार्यकर्ताओं ने किया समर्थन



मांडलगढ़ में भाजपा नेता शक्ति सिंह हाड़ा ने समर्थकों के साथ सदबुद्धि यज्ञ किया।

**मांडलगढ, (निसं)।** उपखंड कार्यालय के बाहर भाजपा नेता एवं पूर्व जिला प्रमुख शक्ति सिंह हाडा का छठे दिन भी धरना जारी हैं। हाडा उपखण्ड मुख्यालय पर एसडीएम, तहसीलदार के लंबे समय से खाली पदों को भरने तथा विभिन्न जन समस्याओं को लेकर निश्तिकालिन धरने पर बैठे है।

धरने के समर्थन करने पहुंचे जहाजपुर विधायक गोपी चन्द्र मीणा ने कहा कि राज्य की कांग्रेस नीत सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश है और वह विभिन्न संकटों से घिरी हुई है। कानून-व्यवस्था चौपट हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री अशोक गजलोत पर कुर्सी बचाने का भी संकट है। गहलोत कुर्सी के संकट से जूझ रहे है। इन सभी संकटों के चलते राज्य की जनता पीडित है। मीणा ने कहा मांडलगढ में एसडीएम ओर तहसीलदार के पद चार माह से रिक्त चलना जनता के साथ छलावा हैं। आमजन की समस्याओं को सुनने वालों की कुर्सी ही खाली पडी हैं।

मांडलगढ विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरने के छठे दिन काँग्रेस सरकार ओर मंत्रियों के लिए बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सद्बुद्धि यज्ञ किया। धरने में पूर्व जिला प्रमुख शक्ति सिंह हाडा के साथ जहाजपुर, कोटडी के विधायक गोपीचंद मीणा, कोटडी उपप्रधान कैलाश सुथार, पंचायत समिति सदस्य जगदीश बैरवा, पूर्व चेयरमैन संजय डांगी, नंद भंवर मंडल अध्यक्ष जहाजपुर,एडवोकेट प्रभु जाट, सत्तू गुर्जर मोटरों का खेडा, भेरू गाडरी, हरीश चौधरी, शंकर जाट, कुलदीप सिंह,भंवर बना, सूर्यप्रकाश जोशी सहित बिजौलियां उपखण्ड के कार्यकर्ताओं ने धरने का समर्थन किया। इससे पूर्व भीलवाडा से भाजपा जिलाध्यक्ष दामोदर अग्रवाल ने धरना स्थल पर पहुँच कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया और कहा कि जब तक सरकार उक्त माँगे नहीं मानती तब तक धरना जारी रहेगा। दूसरी ओर मांडलगढ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा संगठन के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि ओर सैकडों कार्यकर्ता धरना स्थल पहुँच शक्ति सिंह हाडा को समर्थन दे रहे है। वहीं स्थानीय भाजपा विधायक गोपाल खंडेलवाल का का छठे दिन बाद भी धरना स्थल पर नहीं आने को लेकर चर्चा का विषय ओर गुटबाजी की ओर इशारा हैं।

## सार-समाचार

### सीडीपीओ के खिलाफ जांच की मांग



**ब्यावर, (निसं)।** आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने ममता भूपेश मंत्री महिला बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर के नाम एक ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी राहुल जैन को सौंपा। है। ज्ञापन में पंचायत समिति जवाजा परियोजना महिला बाल विकास की सीडीपीओ हंसा जोशी के खिलाफ निष्पक्ष जांच की जाकर कानूनी कार्यवाही करने का कहा गया है। यह भी जानकारी दी गई की पूर्व में सोलह मई को भी आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने ब्लाक जवाजा द्वारा हंसा जोशी के खिलाफ रिश्वत लेने के प्रकरण में जिला कलेक्टर को शिकायत भेजी थी लेकिन सीडीपीओ जोशी ने कुछ आंगनबाडी कार्यकर्ताओं और नरेगा श्रमिकों को प्रलोभन देते हुए अपने पक्ष में कलेक्टर भेज कर जांच को प्रभावित कर दिया था। ज्ञापन के माध्यम से निवेदन है की उक्त प्रकरण की पुन: निष्पक्ष जांच करवाई जाकर आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को राहत प्रदान की जाए। ज्ञापन देने में विनीता, ममता, शहनाजा प्रतीक कविता देवी, रेनू सेन, रजनी, संगीता, अनिता चौहान, मंजू देवी, लीला, पिस्ता देवी, गीता चौहान, कौशल्या, लक्ष्मी, निर्मला चौहान, इंद्रा चौहान, रजनी, सीमा, चंपा देवी, अनीता चौहान, संगीता आदि उपस्थित थी।

### नाबार्ड योजना की दी जानकारी




**बान्दनवाड़ा (निसं.)** ग्राम पंचायत सिंघावल मे शनिवार को नाबार्ड योजना के द्वारा होने वाले जल संरक्षण जिसमें तालाब,नाड़ी, अनिकट निर्माण कार्य व पशुपालकों व किसानों को नाबार्ड योजना द्वारा कराए जाने वाले कार्यों को योजनाबद्ध तरीका व उनका उपयोग करने के बारे में व अधिक से अधिक संख्या में नाबार्ड द्वारा कराए जाने वाले कार्यों को करवाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिल्पी जैन, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड अजमेर,चेतन पण्ड्या मुख्य कार्यकारीअधिकारी गायत्री सेवा संस्थान, सौरव नागपाल सहायक प्रबंधक नाबार्ड जयपुर आदि नाबार्ड वफादारी जिनका स्वागत सरपंच रघुनाथ गुर्जर के द्वारा किया गया एवं मीटिंग में सरपंच के साथ रामदेव जी तेली, रतन लाल शर्मा,रामदयाल बेरवा, धीरा जी भगत, नारायण गुर्जर, माधूलाल गुर्जर, गजराज प्रजापत, दुर्गा लाल गुर्जर, माधु लाल गुर्जर, सीताराम गुर्जर, भरत राज गुर्जर, शिवराज गुर्जर,गोविंद पटेल, सुखपाल गुर्जर, गंगाराम शर्मा आदि ग्रामवासी मौजूद थे।

### पेयजलापूर्ति की समस्या पर चिंता जताई

**ब्यावर, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक देवीशंकर भूतडा ने कहा कि भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्र में पीने के पानी के एक घडे के लिये तरसना पड रहा है। विकराल रूप धारण कर रही पेयजल आपूर्ति को लेकर चिंता व्यक्त करते हुऐ कहा कि प्रशासन द्वारा ऐसे हालतों पर भी सुध नहीं लेना सवेदन हीनता की परकाष्ठा है जिसे बर्दाश्त नही करँगे। भूतडा पेयजल, बिजली, चिकित्सा के साथ ही पशुओं के चारे पानी की समस्याओं को लेकर आंदोलन व अन्य संगठनात्मक विषयों पर तैयारी हेतु भाजपा अजमेर देहात के जिला पदाधिकारियों, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी, मोर्चो के जिलाध्यक्ष व अन्य वरिष्ठ जनों की संयुक्त वर्चुल मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। जिला महामंत्री पवन जैन ने बताया कि जिलाध्यक्ष भूतडा की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में यह तय किया गया कि स्थानीय जन समस्याओं को लेकर 25 से 28 मई तक उपखंड अधिकारी व तहसीलदार से स्थानीय वरिष्ठजन मिलकर ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए उनके निदान की मांग करेगा अन्यथा जून के प्रथम सप्ताह में जिला कलेक्टर पर धरना व प्रदर्शन करेगा। इसकि तैयारी हेतु आज से मंडलो पर जिला पदाधिकारी के सानिध्य में बैठकों का क्रम शुरू हो गया है। यह बैठके सभी मंडलों में 25 मई तक पूर्ण करनी है। आज की वर्चुवल मीटिंग को आंदोलन के संयोजक व विधायक सुरेशसिंह रावत, नवीन शर्मा, शक्ति सिंह राठौड, वीरेन्द्र सिंह कानावत, राजेन्द्र विनाइकिया, मेहन्द्रसिंह मझेवला आदि ने सम्बोधित करते हुए सुझाव दिये।

### सर्वधर्म बहुजन हिताय गीत संगीत कार्यक्रम संपन्न

**अजमेर, (कासं)।** इंडिया इंटरनेशनल म्यूजिक लवर्स सोसायटी के तत्वाधान में अजमेर कूब में सर्वधर्म बहुजन हिताय थीम पर नए और पुराने सदस्यों ने मिलकर एक से बढ़कर एक गीत सुनाए। शंकर धनवानी ने फूल तुम्हें भेजा है खत में कार्यक्रम की शुरआत की। धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने आके तेरी बाहों में और मनोज अग्रवाल दीवानों से मत पूछो, राजेंद्र दाधीच शर्मी तू मेरी जिंदगी है। नीरज पंवार ने किसी बात पर मै किसी से खफा हूं गानों से वाह वाही बटोरी। कुंज बिहारीलाल ने तेरे चेहरे में वह जादू है , रश्मि मिश्रा जी तुम्हें देखती हूं तो लगता है ऐसे और ऊषा मित्तल ने उड़ते पवन के संग चलूंगी सुनाकर सबका दिल जीता। इनके बाद महेश लोंगानी देखा ना हाय रे सोचा ना हाए रे और गोपेंद्र शेखावत याद आ रहा है तेरा प्यार ने पूरी अदायगी के साथ समां बांधा। जाकी अली ने मैने रखा है मोहब्बत किसी अफसाने का नाम, दयाल प्रियानी ने वो कागज की कश्ती वो बारिश का पानी, प्रकाश जेठरा दिल ऐसा किसी ने मेरा तोड़ा लक्ष्मण हरजानी इक धुंध से आना है से रूहानी और गंभीर गीत सुनने को मिले।

### नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन

**पुष्कर, (निसं)।** आरटीडीसी के चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने पुष्कर के बांसेली ग्राम पंचायत के नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान आगामी 2023 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस की उपलब्धियां गिनाते हुए कांग्रेस को ही वोट देने की अपील की। बांसेली के सरपंच ओम प्रकाश पवार ने बताया कि नवनिर्मित भवन की लागत लगभग 20लाख आई है जिसका उद्घाटन आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने किया। इस दौरान धर्मेंद्र सिंह राठौड़ को सीएचए सहायकों ने ज्ञापन देकर उन्हें संविदा कर्मी के समान वेतन दिलाने की मांग की। धर्मेंद्र राठौर ने बताया कि सीएचए कर्मचारी राजनीति के शिकार हो रहे हैं उनका भला अशोक गहलोत सरकार ही कर सकती है। उद्घाटन के दौरान अजमेर जिला प्रमुख के सुपुत्र शिवकुमार पलाड़ा पुष्कर एसडीएम सुखराम पिंडेल नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी अभिषेक गहलोत सहित कई नेता एवं अधिकारी मौजूद रहे। पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर उद्घाटन के दौरान नजर नहीं आई जबकि पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री पुष्कर के प्रत्येक कार्यक्रम एवं जनता की जन समस्या उठाने के लिए हमेशा आगे रहती है।

### मनोज आहूजा का अभिनंदन

**बांदनवाड़ा (निसं)।** उपखंड भिनाय के रावणा राजपूत समाज की और से रविवार को आयोजित कार्यक्रम में कस्बे के पत्रकार डॉ. मनोज आहूजा का रावणा राजपूत समाज के लोगों ने अभिनंदन किया। इस अवसर पर शिक्षक किशन गोपाल परिहार, सत्यनारायण चूंडावत, सत्यनारायण सोलंकी, प्रभु सिंह सांखला, भगवान सिंह सहित अन्य व्यक्तियों ने पत्रकार डॉ. मनोज आहूजा को साफा पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि डॉ. मनोज आहूजा अपनी लेखनी में निष्पक्षता व निडरता रखते हैं तथा जन समस्याओं को प्रखरता से उठाते हुए उसे उचित मंच तक पहुंचाते हैं जिसकी वजह से कई समस्याओं का समय पर समाधान हो जाता है। इस अवसर पर आहूजा ने किशन गोपाल परिहार सहित समस्त समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया।